सोमवार, 26 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 100, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार
बरेली

PAGE NO : 05 BOTTOM

रांग टर्न : अपराधी मानसिकता की कहानी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

रिद्धिमा में नाटक का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति स्मारक रिद्धिमा में रविवार को देहरादून के एकलव्य थियेटर ने रांग टर्न नाटक का मंचन किया। रंजीत कपूर लिखित इस नाटक को ब्रजेश नारायण ने निर्देशित किया।

बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों के बाद हम सब सिर्फ मोमबत्तियां जलाकर इसका विरोध करते हैं, लेकिन ऐसे अपराधों के पीछे छिपी मानसिकता को बदलने के लिए कभी कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाता। ऐसे अपराधियों को कोई पश्चाताप नहीं होता। नाटक इसी पर केंद्रित था।

इसमें फिल्म निर्माता के किरदार में राजवीर अवस्थी ऐसी विचारधारा को नष्ट करने का प्रयास करते हैं। नाटक में मुख्य भूमिकाएं सुमित गौड़, हेमलता पांडे, रितिक सिमल्टी, कार्तिकेय ने निभाई। ट्रस्ट के चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. रीता शर्मा, डॉ. अनुज कुमार मौजूद रहे।